**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil First Appeal No. 266/2008

Thakur Ji Shri Hanuman Ji

----Appellant

Versus

Prabandh Samiti Bagichi Mangle

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Appellant(s) | : | Mr. Narendra Singhal<br>Mr. Ajay Singh Rajawat |
| For Respondent(s) | : | Mr. Raghu Nandan Sharma<br>Mr. Abhinav Shrivastav<br>Ms. Kritika Rajawat<br>Mr. Ayush Bishnoi<br>Mr. R M Jain<br>Ms. Anusuya Sharma |

---

**HON'BLE MRS. JUSTICE SHUBHA MEHTA**

**Order**

**01/12/2025**

आज यह प्रकरण प्रत्यर्थी/प्रतिवादी क्रम–2/1 से 2/6 द्वारा प्रस्तुत प्रार्थनापत्र संख्या 01/2025, जो कि उन्होंने वादग्रस्त सम्पत्ति की मरम्मत करवाये जाने का प्रस्तुत किया है, पर सूचीबद्ध हुआ है।

प्रत्यर्थी/प्रतिवादी क्रम–3/3 की ओर से इस प्रार्थनापत्र का विरोध करते हुए उत्तर प्रस्तुत किया जा चुका है।

अपीलार्थी वादी के अधिवक्ता ने प्रकट किया है कि वे भी प्रत्यर्थी/प्रतिवादी क्रम–3/3 की ओर से प्रस्तुत उत्तर को ही स्वीकार करते हैं और उनकी ओर से भी यही उत्तर माना जावे।

प्रकरण में थोड़ी बहस सुनने के बाद यह दर्शित हुआ कि तथाकथित निर्माण कार्य के संबंध में एक अवमानना याचिका संख्या–1245/2025 इस न्यायालय में प्रस्तुत की जा चुकी है और उसके नोटिस भी प्रार्थनापत्र संख्या 01/2025 के प्रार्थीगण को जारी होकर उनकी तामील भी होना बताया गया है। उक्त पत्रावली प्रकरण के साथ संलग्न नहीं है।

कार्यालय को निर्देशित किया जाता है कि उक्त अवमानना याचिका की पत्रावली इस प्रकरण के साथ संलग्न की जावे।

प्रकरण दिनांक 17.12.2025 को सूचीबद्ध किया जावे।

(SHUBHA MEHTA),J

VISHAL SHARMA /50